

# छात्रवृत्ति आवेदन के लिए 30 सितंबर तक खुला रहेगा पोर्टल

माई सिटी रिपोर्टर

## पूर्वदशम एवं दशमोत्तर योजना के आवेदन शुरू

देहरादून। समाज कल्याण एवं जनजाति कल्याण विभाग की ओर से संचालित पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर है।

छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल http://scholarships.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। प्रक्रिया के अनुसार, छात्रों को पहले वन-टाइम पंजीकरण संख्या जनरेट करनी होगी, फिर लॉगइन कर आवेदन पत्र भरना होगा। जरूरी दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। छात्रों को सलाह दी गई है कि वे केवल आधार सीडेड व डीबीटी इनेबल खाता ही दर्ज करें, ताकि छात्रवृत्ति की राशि समय पर मिल सके।

संस्थानों को भी मान्य नियामक संस्थाओं से मान्यता एवं 2025-26 की संबद्धता अनिवार्य है। तकनीकी जानकारी के लिए समाज कल्याण विभाग के टोल फ्री नंबर 1800 180 4236 या मोबाइल नंबर 6395221188 और swdit-cell@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

**शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू:**

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 30 सितंबर 2025 तक Link: http://scholarships.gov.in

1. समाज कल्याण एवं जनजाति कल्याण विभाग की ओर से पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं!
2. इच्छुक छात्र एवं छात्राएँ 30 सितंबर 2025 तक इस सुनहरे अवसर का लाभ ले सकते हैं
3. आवेदन करने के लिए आपको पहले राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल ( http://scholarships.gov.in) पर जाकर वन-टाइम पंजीकरण संख्या जनरेट करनी होगी, फिर लॉगिन कर अपने आवेदन पत्र को भरना होगा और जरूरी दस्तावेज़ अपलोड करना होगा।
4. ध्यान रखें कि आधार-सीडेड और डीबीटी-इनेबल खाता ही दर्ज करें, ताकि छात्रवृत्ति की राशि तुरंत और सही समय पर आपके खाते में आ सके।
5. यह सुनहरा मौका न गवाएँ और अपने उज्जवल भविष्य के लिए अभी ही आवेदन करें